1.	अनुदान संख्या–28 2403– पषुपालन आयोजनागत 101– पषुचिकित्सा सेवायें तथा पषुस्वास्थ्य 01–केन्द्रीय आयोजनागत/केन्द्र द्वारा पुरोनिधानित योजनायें 0101–राज्य पषुचिकित्सा का गठन	01–वेतन	986000	986000	0
2.		03–मंहगाई भत्ता	662000	658406	3594
3.		04–यात्रा भत्ता	4000	3982	18
4.		05–स्थानान्तरण यात्रा भत्ता	1000	–	1000
5.		06–अन्य भत्ता	211000	175764	35236
		अधिष्ठान का योग	1864000	1824152	39848
6.		08–कार्यालय व्यय	2000	1998	2
7.		09–विद्युत देय	1000	1000	–
8.		10–जलकर	1000	1000	–
9.		11–लेखन सामग्री	1000	1000	–
10.		13–टेलीफोन पर व्यय	1000	708	292
11.		15–मो0गाड़ी0अनु0	14000	13987	13
12.		16–व्यावसायिक शुल्क	1000	961	39
13.		18–प्रकाषन पर व्यय	1000	998	02
14.		27–चिकित्सा प्रतिपूर्ति	9000	8870	130
15.		42–अन्य व्यय	1000	1000	–
16.		46–कम्प्यूटर हार्डवेयर	1000	1000	–
17.		47–कम्प्यूटर स्टेषनरी	3000	3000	–
		प्रासंगिक योग	190000	1859674	40326

नोटः— अवशेष धनराषि को समयान्तर्गत समर्पित किया गया।

<u>वर्ष 2012—13:—</u>

निदेषक, पषुपालन विभाग, उत्तराखण्ड देहरादून के कार्यालय पत्र संख्या 4976 दिनांक 21 मार्च, 2013 के द्वारा शासनादेष संख्या 231/XV-1/13/1(12)/10 दिनांक 21 मार्च, 2013 के द्वारा अनुदान संख्या—30 के अन्तर्गत राज्य पषुचिकित्सा परिषद् (50 प्र.के.पो.) योजनान्तर्गत रजिस्ट्रार, उत्तराखण्ड पषुचिकित्सा परिषद् के अतिथि के निर्माण एवं चाहरदिवारी हेतु पेयजल निर्माण निगम द्वारा गाठित आगणनों में टी.ए.सी वित्त अनुभाग द्वारा औचित्य पूर्ण पायी गयी धनराषि क्रमषः रू. 18.96 लाख एवं 0.65 लाख कुल रू. 19.61 लाख के सापेक्ष शासनादेष संख्या 291/XV —1/10/1(10)/09 पषुपालन अनभाग—1 दिनांक 26 मार्च, 2010 से योजनान्तर्गत पूर्व अवमुक्त

धनराषि कुल रू. 9.68 को कम करते हुए चालू वित्तीय वर्ष 2012—13 में अनुपूरक मॉग के माध्यम आय व्ययक में तथा योजना हेतु अवषेश धनराषि रू. 9.93 लाख (रू. नौ लाख तिरानब्बे हजार) मात्र की धनराषि इस कार्यालय को अवमुक्त की गयी है।

क0 सं0	अनुदान संख्या/योजना का नाम	मद का नाम	आवंटित धनराषि	कुल व्यय	अवशेष धनराषि
1.	अनुदान संख्या—30 4403— पषुपालन पर पूंजीगत परिव्यय 00—101—पषुचिकित्सा सेवायें तथा पषुस्वास्थ्य 01—केन्द्रीय आयोजनागत/केन्द्र द्वारा	24—वृहत् निर्माण	993000	993000	—

	पुरोनिधानित 0101– राज्य पषुचिकित्सा परिषद् का गठन योजना				
	योग	–	993000	993000	–

<u>वर्ष–2013–14</u>

निदेषक, पषुपालन विभाग, उत्तराखण्ड देहरादून के कार्यालय पत्र संख्या 1144 दिनांक 06 जून, 2013 के द्वारा शासनादेष संख्या 727/XV-1/13/1(12)/10 दिनांक 03 जून, 2013 के द्वारा धनराषि रू. 09.46 (रू. नौ लाख छियालीय हजार मात्र) एवं निदेषक, पषुपालन विभाग, उत्तराखण्ड देहरादून के कार्यालय पत्र संख्या 1654 दिनांक 06 जुलाई, 2013 के द्वारा शासनादेष संख्या 961/XV-1/13/1(12)/10 दिनांक 05 जुलाई, 2013 के द्वारा धनराषि रू. 12.36 लाख (रू. बारह लाख छत्तीस हजार मात्र) आवंटित की गयी है।

क0 सं0	अनुदान संख्या/योजना का नाम	मद का नाम	आवंटित धनराषि	कुल व्यय	अवशेष धनराषि
1.	अनुदान संख्या–28 2403– पषुपालन आयोजनागत 101– पषुचिकित्सा सेवायें तथा पषुस्वास्थ्य 01–केन्द्रीय आयोजनागत/केन्द्र द्वारा पुरोनिधानित योजनायें 0101–राज्य पषुचिकित्सा का गठन	01–वेतन	1166000	1011626	154374
2.		03–मंहगाई भत्ता	736000	782553	–46553
3.		04–यात्रा भत्ता	5000	5000	0
4.		05–स्थानान्तरण यात्रा भत्ता	0	0	0
5.		06–अन्य भत्ता	194000	190120	3880

		अधिष्ठान का योग	**2101000**	**1989299**	**111701**
6.		08–कार्यालय व्यय	6000	6000	0
7.		09–विद्युत देय	1000	1000	0
8.		10–जलकर	2000	2000	0
9.		11–लेखन सामग्री	0	0	0
10.		13–टेलीफोन पर व्यय	10000	10000	0
11.		15–मो0गाड़ी0अनु0	15000	14998	02
12.		16–व्यावसायिक शुल्क	2000	2000	0
13.		18–प्रकाषन पर व्यय	0	0	0
14.		27–चिकित्सा प्रतिपूर्ति	30000	29874	126
15.		42–अन्य व्यय	5000	5000	0
16.		46–कम्प्यूटर हार्डवेयर	5000	4995	05
17.		47–कम्प्यूटर स्टेषनरी	5000	4996	04
		प्रासंगिक योग	**81000**	**80863**	**137**
		महायोग	**2182000**	**2070162**	**111838**

नोटः– अवशेष धनराषि को समयान्तर्गत समर्पित किया गया।

<u>वर्ष–2014–15</u>

निदेशक, पषुपालन विभाग, उत्तराखण्ड देहरादून के कार्यालय पत्र संख्या 1186 दिनांक 04 जुलाई, 2014 के द्वारा शासनादेष संख्या 508/XV-1/14/1(12)/10 दिनांक 04 जुलाई, 2014 के द्वारा अनुदान संख्या 28 मे धनराशि रू. 09.00 (रू. नौ लाख मात्र) एवं निदेशक, पषुपालन विभाग, उत्तराखण्ड देहरादून के कार्यालय पत्र संख्या 3159 दिनांक 10 नवम्वर, 2014 के द्वारा शासनादेष संख्या 1225/XV-1/14/1(12)/10 दिनांक 05 नवम्वर, 2014 द्वारा धनराशि रू. 11.40 (रू.ग्यारह लाख चालीस हजार मात्र) आवंटित की गयी।

नोटः– अवशेष धनराषि को समयान्तर्गत समर्पित किया गया।

निदेशक, पषुपालन विभाग, उत्तराखण्ड देहरादून के कार्यालय पत्र संख्या 4957 दिनांक 21 फरवरी, 2014 के द्वारा शासनादेष संख्या 78/XV-1/14/1(12)/21 फरवरी , 2014 के द्वारा अनुदान संख्या 30 मे धनराशि रू. 11.06 (रू. ग्यारह लाख छः हजार मात्र) आवंटित की गयी है।

नोटः– अवशेष धनराषि को समयान्तर्गत समर्पित किया गया।

वर्ष–2015–16

निदेशक, पषुपालन विभाग, उत्तराखण्ड देहरादून के कार्यालय पत्र संख्या 1313 दिनांक 03 जुलाई, 2015 के द्वारा शासनादेष संख्या 606/XV-1/15/1(12)/10 दिनांक 02 जुलाई, 2015 के द्वारा अनुदान संख्या 28 मे धनराशि रू. 13.86 (रू. तेरह लाख छियालीस हजार मात्र) एवं निदेशक, पषुपालन विभाग, उत्तराखण्ड देहरादून के कार्यालय पत्र संख्या 3635 दिनांक 09 दिसम्वर, 2015 के द्वारा शासनादेष संख्या 1022/XV-1/15/1(12)/10 दिनांक 08 दिसम्वर, 2015 द्वारा अनुदान संख्या 30 मे धनराशि रू. 13.76 (रू. तेरह लाख छिहत्तर हजार मात्र) आवंटित की गयी।

नोटः– अवशेष धनराषि को समयान्तर्गत समर्पित किया गया।

वर्ष–2016–17

निदेशक, पषुपालन विभाग, उत्तराखण्ड देहरादून के कार्यालय पत्र संख्या 5271 दिनांक 20 फरवरी, 2017 के द्वारा शासनादेष संख्या 135/XV-1/17/1(5)/16 दिनांक 20 फरवरी, 2017 द्वारा अनुदान संख्या 30 मे धनराशि रू. 18 हजार (रू. अठारह हजार मात्र) आवंटित की गयी। निदेशक, पषुपालन विभाग, उत्तराखण्ड देहरादून के कार्यालय पत्र संख्या 6023 दिनांक 30 मार्च, 2017 के द्वारा शासनादेष संख्या 320/XV-1/13/1(12)/10 दिनांक 30 मार्च, 2017 के द्वारा अनुदान संख्या 28 मे धनराशि रू. 05.25 (रू. पॉच लाख पच्चीस हजार मात्र) एवं आवंटित की गयी, जिसका उपयोग करते हुए, उपयोगिता प्रमाण पत्र भारत सरकार को प्रेषित किया गया।

नोटः– अवशेष धनराषि को समयान्तर्गत समर्पित किया गया।

मैनुवल–13

रियायतों, अनुज्ञापत्रों तथा प्राधिकारों के प्राप्तिकर्ताओं के सम्बन्ध में विवरण

उत्तराखण्ड राज्य पशुचिकित्सा परिषद् में पंजीकरण हेतु आवेदन करने वाले पशुचिकित्साविदों से पंजीकरण शुल्क के रूप में रू0 25.00 का पोस्टल आर्डर/बैंक ड्राफ्ट के माध्यम लिया जाता है तथा परिषद् के खाते में जमा किया जाता है।

पंजीकृत पशुचिकित्साविदों द्वारा अपने पंजीकरण को अन्य किसी राज्यों के पशुचिकित्सा परिषद् में पंजीकरण कराने से पूर्व इस परिषद के पंजीकरण को निरस्त करने के लिये निरस्तीकरण शुल्क के रूप में रू0 25.00 का पोस्टल आर्डर/बैंक ड्राप्ट के माध्यम से प्राप्त किया जाता है।

बैंक खाते में जमा धनराषि पर बैंक द्वारा दिया गया ब्याज प्राप्तियों के अन्तर्गत है।

नोट – भारतीय पशुचिकित्सा परिषद् अधिनियम 1984 की धारा 61 में निहित प्राविधानों के अनुसार परिषद् ने वर्ष 2016–17 में पंजीकरण, नवीनीकरण से प्राप्त कुल धनराषि रू. 5310.00 (रू0 दो हजार एक सौ पच्चीस मात्र) प्राप्त हुआ, जिसका एक चौथाई भाग भारतीय पशुचिकित्सा परिषद् नई दिल्ली को प्रेषित किया गया है।

मैनुवल–14

कृत्यों के निर्वहन के लिए स्थापित मानक/नियम

भारतीय पशुचिकित्सा परिषद् अधिनियम 1984 में निहित प्राविधानों के अनुसार उत्तराखण्ड पशुचिकित्सा परिषद् में पशुचिकित्साविदों का पंजीकरण किया जाता है तथा वित्त हस्त पुस्तिका खण्ड–2 के भाग दो से चार में निहित प्राविधान के अनुसार उत्तराखण्ड राज्य पशुचिकित्सा परिषद् में कार्यरत कर्मचारियों/अधिकारियों पर लागू किये जाते हैं। उत्तराखण्ड शासन द्वारा जारी शासनादेष के अनुसार उत्तराखण्ड राज्य पशुचिकित्सा परिषद् के कार्यो का सम्पादन किया जाता है।

मैनुवल–15

किसी इलैक्ट्रॉनिक रूप में उपलब्ध सूचना के सम्बन्ध में ब्यौरे

वर्ष 2016– 17 मे उत्तराखण्ड राज्य पशुचिकित्सा परिषद् कार्यालय की वेबसाइट www.uvc.org.in का प्रमोचन/लांच किया गया है। उत्तराखण्ड राज्य पषुचिकित्सा परिषद् का ईमेल पता registraruvc@gmail.com है। उत्तराखण्ड राज्य पषुचिकित्सा परिषद् कार्यालय में वर्ष 2010–11 से ब्राडबैन्ड भी लगाया गया है। कार्यालय का दूरभाष संख्या 0135–2608910 है।

मैनुवल–16

सूचना अभिप्राप्त करने लिए नागरिकों को उपलब्ध सुविधाओं का विवरण

(किसी पुस्तकालय या वाचन कक्ष की यदि लोक उपयोग के लिए व्यवस्था की गई हो, तो उसका भी विवरण)

वर्तमान समय में उत्तराखण्ड पशुचिकित्सा परिषद् के कार्यालय में पुस्तकालय या वाचन कक्ष उपलब्ध नहीं है।

इस परिषद् द्वारा पशुओं में होने वाले प्रमुख रोगों एवं उनकी रोकथाम, बडें पशुओं में गर्भाधान आदि में पशुपालकों को लाभ पहुॅचाने के उद्देष्य से प्रषिक्षण मौडियूल सेवारत पशुचिकित्साविदों को उपलब्ध कराते हुये प्रषिक्षण के माध्यम से पशुपालकों को लाभान्वित किये जाने का प्राविधान है।

पशुचिकित्सा परिषद् के माध्यम से समय–समय पर राज्य में सेवारत पशुचिकित्साविदों को पशुपालन एवं उससे सम्बन्धित विषयों में नयी तकनीक एवं अनुसन्धान की जानकारी हेतु इन्हे विभिन्न संस्थानों में प्रषिक्षित भी कराया जाता है ताकि वे अपने अपने पद स्थापित क्षेत्रों के पशुपालकों को लाभान्वित कर सकें जिससे पशुपालकों की आर्थिक स्थिति में वृद्वि हो सके।

मैनुवल–17

अन्य सूचनायें

उत्तराखण्ड राज्य पषुचिकित्सा परिषद् के विधिवत् गठन हेतु शासन के कार्यालय ज्ञाप संख्या 905/XV-1/2(13)/05 दिनांक 18–10–2005 के द्वारा भारतीय पषुचिकित्सा परिषद् अधिनियम् 1984 की धारा–32 तथा धारा–38 में निहित प्राविधानों के अनुसार तीन सदस्यों को कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से 03 वर्ष के लिये नामित किया गया है।

1– डा0एम0सी0खण्डूरी,

सेवानिवृत्त उपनिदेषक, दयानन्द मार्ग सुभाषनगर,

कलैमन टाउन, देहरादून।

2– डा0आर0पी0बहुगुणा,

सेवानिवृत्त अपर निदेषक, 24/3 सरकुलर रोड़

देहरादून।

3– डा0ए0एस0धामी,

सेवानिवृत्त निदेषक, ग्राम–चौहान पाटा पोस्ट रानीबाग,

तहसील–नैनीताल जिला–नैनीताल।

उक्त तीनो नामित सदस्यों द्वारा दिनांक 03.05.2013 को अपना कार्यभार ग्रहण किया है। वर्तमान मे परिषद के चुनाव की कार्यवाही गतिमान है, जिसके क्रम मे पंजीकृत पषुचिकित्साविदों की सूची गजट नोटिफिकेषन हेतु शासन को प्रेषित गयी है। साथ ही शासन स्तर से नामित होने वाले निम्न पशुचिकित्सावदों को नामित करने हेतु शासन को पत्राचार किया गया है। उ0प0चि0परिषद के चुनाव हेतु 596 वैध पंजीकृत प्शुचिकित्साविदों की सूची का प्रकाशन किया जा चुका है।चुनाव हेतु शासन स्तर से रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया जाना शेष है।

मैनुअल 1 से 16 तक विभिन्न शासनादेषों की छाया प्रति संलग्न हैः–

परिषिष्ट–1 सरकारी गजट, उत्तराचंल, उत्तरांचल सरकार द्वारा प्रकाषित असाधारण विधायी की छाया प्रति

परिषिष्ट–2 उत्तराखण्ड राज्य पषुचिकित्सा परिषद् हेतु स्वीकृत पदों के शासनादेश की छाया प्रति

परिषिष्ट–3 उत्तराखण्ड राज्य पशुचिकित्सा परिषद् हेतु उत्तराखण्ड शासन द्वारा आवंटित बजट वर्ष , 2015–16 के शासनादेश की छाया प्रति।

परिषिष्ट–4 उत्तराखण्ड राज्य पशुचिकित्सा परिषद् में वर्ष 2015–16 में पंजीकृत पशुचिकित्साविदों की सूची की छाया प्रति ।

परिषिष्ट–5 उत्तराखण्ड राज्य पशुचिकित्सा परिषद् में वर्ष 2016–17 में जिन पषुचिकित्साविदों को राज्य पशुचिकित्सा प्रैक्टिसनर रजिस्टर से हटाये गये/अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत किये गये की सूची की छाया प्रति।

परिषिष्ट–5 भारतीय पषुचिकित्सा परिषद् की नियमावली ।

उत्तराखण्ड सरकार

पशुधन अनुभाग–1

अधिसूचना

संख्या 2956/12–प–1–1–91–भारतीय पशु चिकित्सा परिषद्, अधिनियम, 1984 की धारा 65 के अधीन शक्ति का प्रयोग करके राज्यपाल नियमावली बनाते हैंः–

उत्तराखण्ड राज्य पशुचिकित्सा परिषद् नियमावली

2002

अध्याय–एक

प्रारम्भिक

1. सक्षिप्त नाम और प्रारम्भ–

(1) यह नियमावली उत्तराखण्ड राज्य पशु चिकित्सा परिषद् नियमावली 2002 कही जायेगी।

(2) यह सरकारी गजट में प्रकाशित होने के दिनांक से प्रवृत्त होगी ।

2. परिभाषाएं–

(1) जब तक कि विषय या सन्दर्भ में कोई प्रतिकूल बात न हो, इस नियमावली में –

(क) 'अधिनियम" का तात्पर्य भारतीय पशु चिकित्सा परिषद्, अधिनियम 1984 (अधिनियम संख्या 52 सन् 1984) से है।

(ख) "निर्वाचन या पुनः निर्वाचन" का तात्पर्य राज्य पशु चिकित्सा परिषद् में निर्वाचन या पुनः निर्वाचन से है।

(ग) "प्रपत्र" का तात्पर्य इस नियमावली से संलग्न प्रपत्र से है।

(घ) "नामनिर्देश या पुनः नामनिर्देशन" का तात्पर्य राज्य पशु चिकित्सा परिषद् में नाम–निर्देशन या पुनः नामनिर्देशन से है।

(ड.) "रजिस्ट्रार" का तात्पर्य राज्य पशुचिकित्सा परिषद् के रजिस्ट्रार से है।

(च) "राज्य सरकार" का तात्पर्य उत्तराखण्ड राज्य सरकार से है।

(छ) "धारा" का तात्पर्य अधिनियम की किसी धारा से है।

(ज) "अधिकरण" का तात्पर्य अधिनियम की धारा 45 के अधीन स्थापित उत्तराखण्ड के लिए रजिस्ट्रीकरण अधिकरण से है।

(झ) इस नियमावली में प्रयुक्त बिन्दु पृथक से अपरिभाषित शब्दों और पदों के वही अर्थ होंगे जो अधिनियम में उनके लिये दिये गये है।

राज्य पशु चिकित्सा परिषद् में सदस्यों का निर्वाचन

(धारा–37)

3– निर्वाचन की सूचना– धारा 32 की उपधारा (1) के खण्ड (क) के अधीन राज्य पशु चिकित्सा परिषद् के सदस्यों का निर्वाचन करने के प्रयोजनार्थ राज्य सरकार निर्वाचन के प्रस्तावित दिनांक के सम्बन्ध में राज्य पशु चिकित्सा रजिस्टर में रजिस्ट्रीकृत समस्त पशुचिकित्सा व्यवसायियों की सूचना के लिए स्थानीय समाचार पत्रों में सूचना प्रकाषित करेगी।

4–निर्वाचक नामावली का तैयार किया जाना– नियम 3 के अधीन सूचना के प्रकाषन के पश्चात् यथाषक्य शीघ्र रजिस्ट्रार नामावली तैयार करेगा जिसमें पशुचिकित्सा रजिस्टर में रजिस्ट्रीकृत समस्त पशुचिकित्सा व्यवसायियों का नाम व पता उल्लिखित किया जायेगा।

5– निर्वाचन नामावली का प्रकाषनः– रजिस्ट्रार नियम 4 के अधीन तैयार की गयी निर्वाचक नामावली को प्रकाषित करेगा और राज्य पषु चिकित्सा परिषद् के कार्यालय में उसकी एक प्रति संप्रदर्षित कर निरीक्षण के लिये उपलब्ध करायेगा।

6– दावे और आपत्तियांः– निर्वाचक नामावली में नाम सम्मिलित किये जाने का प्रत्येक दावा और उसमें की सभी किसी प्रविष्टि पर प्रत्येक आपत्ति नियम 5 के अधीन निर्वाचक नामावली के प्रकाषन के दिनांक से 30 दिन के भीतर क्रमषः प्रपत्र एक और दो में की जायेगी।

7– दावा और आपत्ति के प्रपत्र और उनके निस्तारण की रीति–

(1) प्रपत्र एक में प्रत्येक दावे पर रजिस्ट्रीकृत पशुचिकित्सा व्यवसायियों द्वारा हस्ताक्षर किया जायेगा।

(2) प्रपत्र दो में प्रत्येक आपत्ति से रजिस्ट्रीकृत पशुचिकित्सा व्यवसायियों द्वारा प्रस्तुत की जायेगी जिनका नाम निर्वाचक नामावली में पहले ही सम्मिलित कर लिया गया है और उस पर ऐसे किन्ही अन्य रजिस्ट्रीकृत पशुचिकित्सा व्यवसायी द्वारा प्रतिहस्ताक्षर किया जायेगा जिसका नाम भी नामावली में सम्मिलित किया गया हो।

(3) दावों और आपत्तियों पर रजिस्ट्रार द्वारा विचार किया जायेगा जो किसी दावे की अनुमति दे सकता है या अस्वीकार करने के कारणों को अभिलिखित करते हुए उसे अस्वीकार कर सकता है।

(4) किसी दावे या आपत्ति की अनुमति देने या अस्वीकार करने के सम्बन्ध में रजिस्ट्रार का विनिश्चिय अन्तिम होगा।

8. नामावली का अन्तिम प्रकाशानः–

(1) रजिस्ट्रार ऐसे संशोधनों यदि कोई हों, के पश्चात् जिन्हें वह आवश्यक समझे

अन्तिम निर्वाचक नामावली प्रकाषित करेगा।

(2) उपनियम (1) के अधीन प्रकाषित अन्तिम निर्वाचक नामावली की एक प्रति राज्य

सरकार को भेजी जायेगी।

9 रिटर्निंग अधिकारी और सहायक रिटर्निंग अधिकारीः–

(1) राज्य सरकार, नियम 8 के उपनियम (1) के अधीन प्रकाशित निर्वाचक नामावली की एक प्रति प्राप्त करने के पश्चात् एक रिटर्निंग अधिकारी पदनिहित या नामनिर्दिष्ट करेगा जो राज्य सरकार का कोई अधिकारी होगा।

(2) राज्य सरकार एक या अधिक व्यक्तियों को भी नियुक्त कर सकती है जो सहायक रिटर्निंग अधिकारी के रूप में रिटर्निंग अधिकारी को उसके कृत्यों के सम्पादन में सहायता करेंगे और जो राज्य सरकार के अधिकारी होंगे।

(3) प्रत्येक सहायक रिटर्निंग अधिकारी, रिटर्निंग अधिकारी के नियंत्रण के अधीन रहते हुए, रिटर्निंग अधिकारी के समस्त या किन्हीं कृत्यों का सम्पादन करने के लिये सक्षम होंगे परन्तु सहायक रिटर्निंग अधिकारी, रिटर्निंग अधिकारी के ऐसे किन्हीं कृत्यों का सम्पादन नहीं करेगा जो मतपत्रों को देने, मतपत्रों को गिनते या निर्वाचन के परिणाम की घोषणा से सम्बन्धित हो।

10 नाम निर्देशन नामांकन आदि के लिए दिनांक का निर्धारण–

(1) रिटर्निंग अधिकारी सरकारी गजट में या किसी स्थानीय समाचार–पत्र में या ऐसी रीति से जैसी वह उचित समझे, प्रकाषित अधिसूचना द्वारा–

(एक) नाम निर्देषन के लिए दिनांक निर्धारित करेगा जो अधिसूचना के प्रकाषन के दिनांक का सातवां दिन या यदि उस दिन सार्वजनिक छुट्टी हो तो अगला कार्य दिवस होगा।

(दो) अभ्यर्थिता वापस लेने का दिनांक निर्धारित करेगा जो नामनिर्देषन की संविक्षा के दिनांक का दूसरा दिन होगा या उस दिन सार्वजनिक छुट्टी हो तो अगला कार्य दिवस होगा।

(तीन) मतदान का यदि आवष्यक हो, दिनांक निर्धारित करेगा जो अभ्यर्थिता वापस

लेने के दिनांक से तीस दिन की समाप्ति के पूर्व का न होगा।

(चार) मतों की गणना करने के लिए और परिणाम की घोषणा करने के लिए जो मतदान के दिनांक से तीन दिन के भीतर होगी दिनांक, समय और स्थान निर्धारित करेगा।

10–(2) उप नियम (1) के अधीन जारी की गयी अधिसूचना में राज्य परिषद् में निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी स्थान विनिर्दिष्ट होगा जहां नाम निर्देषन पत्र प्रदत्त किये जायेगें।

11– विधिमान्य नामनिर्देषन के लिए अपेक्षायें और उनका प्रस्तुतीकरणः–

(1) नियम 10 के अधीन नामनिर्देषन के लिए निर्धारित दिनांक को या उसके पूर्व

प्रत्येक अभ्यर्थी रसीदी रजिस्ट्रीकृत डाक सहित एक रजिस्ट्रीकृत पत्र प्रपत्र 3 में

सम्यक रूप से भरा हुआ नाम निर्देषन पत्र रिटर्निंग अधिकारी को भेजेगा या स्वयं उसे देगा।

(2) प्रत्येक नामनिर्देषन पत्र पर दो मतदाताओं द्वारा एक प्रस्तावक के रूप में और दूसरा समर्थक के रूप में हस्ताक्षर किया जायेगा और अभ्यर्थी द्वारा अनुमति दी जायेगी।

परन्तु कोई मतदाता प्रस्तावक या समर्थक के रूप में भरी जानी वाली सीटों की संख्या से अधिक नामनिर्देषन पत्रों पर हस्ताक्षर नहीं करेगा।

परन्तु यह और कि यदि कोई मतदाता भरे जाने वाले स्थानों की संख्या से अधिक संख्या में, यथास्थिति प्रस्तावक या समर्थक के रूप में, नामनिर्देषन पत्रों पर हस्ताक्षर करता है तो रिटर्निंग अधिकारी द्वारा भरे जाने वाले स्थानों की संख्या के बराबर प्रथम प्राप्त नामनिर्देषन पत्र, यदि वे अन्यथा ठीक हैं, विधिमान्य समझे जायेंगे और ऐसे समस्त अन्य नामनिर्देषन पत्र, जो उसी मतदाता द्वारा हस्ताक्षरित और साथ–साथ प्राप्त किये गये हैं, अधिमान्य समझे जायेंगे।

12–नामनिर्देषन पत्र का अस्वीकार किया जानाः–

ऐसे किसी नामनिर्देषन पत्र को जो रिटर्निंग अधिकारी द्वारा इस निमित्त निर्धारित नामनिर्देषित करने के दिनांक को या उसके पूर्व प्राप्त नहीं होगा, अस्वीकार कर दिया जायेगा।

13– नाम निर्देषन पत्रों की संविक्षाः–

(1) नामनिर्देषन पत्रों की संविक्षा के लिए रिटर्निंग अधिकारी द्वारा नियत दिनांक और समय को अभ्यर्थी और प्रत्येक अभ्यर्थी का प्रस्तावक और समर्थक या अभ्यर्थियों द्वारा इस निमित सम्यक रूप से प्राधिकृत अन्य प्रतिनिधि रिटर्निंग अधिकारी के कार्यालय में उपस्थित हो सकते हैं जो उन्हें समस्त अभ्यर्थियों के ऐसे नामनिर्देषन पत्रों की, जो उसके द्वारा उपर्युक्तानुसार द्वारा प्राप्त हुए हों,परीक्षण करने की अनुमति देगा।

(2) रिटर्निंग अधिकारी इस प्रकार प्राप्त नामनिर्देषन पत्रों का परीक्षण करेगा और किसी नामनिर्देषन पत्र की विधिमान्यता के सम्बन्ध में उत्पन्न होने वाले समस्त प्रष्नों का विनिष्चय करेगा और उस पर उसका विनिष्चय अन्तिम होगा।

14– अभ्यर्थिता वापस लेना–

(1) कोई अभ्यर्थी, नियम 10 के उपनियम (1) के खण्ड (दो) के अधीन निर्धारित दिनांक को या उसके पूर्व रिटर्निंग अधिकारी को अपने द्वारा हस्ताक्षरित और लिखित सूचना देकर अपनी अभ्यर्थिता वापस ले सकता है।

(2) ऐसे किसी अभ्यर्थी को, जिसने अपनी अभ्यर्थिता वापस ले ली है, ऐसी वापसी को रद्द करने या उसी निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी के रूप में नामनिर्देषित किये जाने की अनुमति नहीं दी जायेगी।

15– निर्वाचन लाने वाले अभ्यर्थियों की सूची का प्रकाषनः–

(1) ऐसी अवधि की समाप्ति के तुरन्त पश्चात् जिसके अभ्यर्थी नियम 14 के अधीन अपने नाम निर्देषन वापस ले सकते हैं, रिटर्निंग अधिकारी निर्वाचन लड़ने वाले ऐसे अभ्यर्थियों की एक सूची तैयार करेगा और प्रकाषित करेगा जिनके नामनिर्देषन विधिमान्य हैं और जिन्होंने उक्त अवधि के भीतर अपनी अभ्यर्थिता वापस नहीं ली है।

(2) उपनियम (1) के अधीन तैयार की गयी सूची में निर्वाचन लड़ने वाले ऐसे अभ्यर्थियों के नाम (वर्णमाला कम में) और पते होंगे व जैसा कि नामनिर्देषन में दिया गया है।

(3) उपनियम (1) के अधीन तैयार की गयी सूची को गजट में और स्थानीय समाचार पत्रों में प्रकाषित किया जायेगा उसका ऐसी रीति से, जैसा रिटर्निंग अधिकारी उचित समझे, व्यापक प्रचार किया जायेगा।

16—मतदान

(1) यदि निर्वाचन के लिए सम्यक रूप से नामनिर्दिष्ट अभ्यर्थियों की संख्या निर्वाचित किये जाने वाले सदस्यों की संख्या से अधिक हो तो रिटर्निंग अधिकारी तुरन्त ऐसे अभ्यर्थियों को सम्यक रूप से निर्वाचित घोषित करेगा।

(2) यदि ऐसे अभ्यर्थियों की संख्या निर्वाचित किये जाने वाले सदस्यों की संख्या से कम हो तो रिटर्निंग अधिकारी मतदान के लिए नियत दिनांक के कम से कम तीस दिन पूर्व विदेष में निवास करने वाले या व्यवसाय करने वाले प्रत्येक निर्वाचक हवाई डाक द्वारा और देष के भीतर निवास करने वाले प्रत्येक अन्य निर्वाचक को डाक द्वारा प्रपत्र चार में मतपत्र और साथ—साथ प्रपत्र पांच में संख्यांकित घोषणा—पत्र, प्रपत्र छः में सूचना का एक पत्र जिसमें वर्णमाला क्रम में अभ्यिर्थियों के नाम होंगे और उस पर रिटर्निंग अधिकारी का आद्याक्षर या उसके हस्ताक्षर का प्रतिरूप होगा। रिटर्निंग अधिकारी को संबोधित मतपत्र आवरण और उक्त अधिकारी को सम्बोधित एक अन्य आवरण भी भेजा जायेगा।

(क) प्रतिबन्ध यह है कि रिटर्निंग अधिकारी को आवेदन करने पर किसी निर्वाचक को मतपत्र और सम्बन्धित पत्र रिटर्निंग अधिकारी को यह समाधान हो जाने पर कि पत्रादि उसे नहीं भेजे गये हैं, मतदान के लिए नियत दिनांक से पूर्व भेजे जा सकते हैं।

(3) निर्वाचक को भेजे गये ऐसे प्रत्येक सूचना पत्र के सम्बन्ध में डाक प्रमाण पत्र प्राप्त किया जायेगा।

(4) ऐसा कोई निर्वाचक जिसने डाक द्वारा भेजे गये मतपत्र और अन्य सम्बन्धित पत्रादि प्राप्त नहीं किये हैं या जिसने उन्हें खो दिया है या जहॉ रिटर्निंग अधिकारी को पत्रादि लौटाने के पूर्व असावधानी से खराब हो गये हों तो इस आषय का लिखित रूप में घोषणा पत्र भेज सकता है और मतदान के लिये नियत दिनांक के कम से कम पन्द्रह दिन पूर्व रिटर्निंग अधिकारी से पत्रादि भेजने के लिए अनुरोध कर सकता है और यदि बचे पत्रादि खराब हो चुके हैं तो खराब पत्रादि रिटर्निंग अधिकारी को वापस कर दिया जायेगा और जिन्हें प्राप्त होने पर वह रद्द कर देगा।

(5) ऐसे प्रत्येक मामले में जिसमें नये पत्रादि जारी किये गये हैं, निर्वाचक नामावली में निर्वाचक के नाम से सम्बन्धित संख्या पर यह बताने के लिये निर्वाचक नामावली कि उसे नये पत्रादि जारी कर दिये गये है, एक चिन्ह लगाया जायेगा।

(6) किसी मतदाता द्वारा मतपत्र और अन्य सम्बन्धित पत्र प्राप्त न होने के कारण कोई निर्वाचन अविधिमान्य नहीं होगा।

(7) प्रत्येक निर्वाचक को उतने अभ्यर्थियों को मत देने का अधिकार होगा जितने स्थान निर्वाचन द्वारा भरे जाने वाले हों और मत अनन्तरणीय होगा।

(8) अपने मत का अभिलेख कराने के लिए इच्छुक प्रत्येक निर्वाचक सूचना पत्र (प्रपत्र चार) में दिये गये निर्देषों के अनुसार घोषणा पत्र (प्रपत्र पांच) और मतपत्र (प्रपत्र छः) भरने के पश्चात् मतपत्र आवरण में मतपत्र संलग्न करेगा, उक्त आवरण को घोषण पत्र सहति रिटर्निंग अधिकारी को सम्बोन्धित बाहरी लिफाफा चिपकायेगा और उस बाहरी लिफाफे को निर्वाचक के निजी खर्च पर डाक द्वारा या हाथों–हाथ स्वयं रिटर्निंग अधिकारी को भेजेगा जिससे कि वह मतदान के लिये निर्धारित दिनांक को मतदान समाप्त होने के लिए नियत समय तक पहुंच जाय।

(9) घोषणा पत्र वाले लिफाफे और मतपत्र वाले बन्द आवरण को डाक द्वारा या स्वयं द्वारा प्राप्त होने पर रिटर्निंग अधिकारी बाहरी लिफाफे पर उसकी प्राप्ति का दिनांक और समय पृष्ठांकित करेगा।

(10) मतदान के लिए निर्धारित दिनांक और समय के पश्चात् प्राप्त समस्त लिफाफे अस्वीकार कर दिये जायेंगे।

17– आवरण को खोला जानाः–

(1) रिटर्निंग अधिकारी मतदान के लिए निर्धारित दिनांक को मतदान समाप्ति के लिए नियत समय के तुरन्त पश्चात् बाहरी लिफाफे पर उसको सम्बोधित स्थान पर खोलेगा।

(2) कोई भी अभ्यर्थी स्वयं उपस्थित हो सकता है या अपने द्वारा सम्यक रूप से लिखित रूप में प्राधिकृत प्रतिनिधि को उस समय जब बाहरी लिफाफे खोले जांय, उपस्थित होने के लिए भेज सकता हैं।

मतपत्र आवरणों का अस्वीकार किया जाना–

(1) किसी मतपत्र को रिटर्निंग अधिकारी द्वारा अस्वीकार कर दिया जायेगा, यदि

(क) बाहरी लिफाफे में मतपत्र आवरण के बाहर कोई घोषणा पत्र न हो, या

(ख) रिटर्निंग अधिकारी द्वारा भेजा गया वही घोषणा पत्र न हो, या

(ग) घोषणा पत्र निर्वाचक द्वारा हस्ताक्षरित न हो, या

(घ) मतपत्र आवरण के बाहर मतपत्र रखा गया हो, या

(ङं.) एक ही बाहरी लिफाफे में एक से अधिक घोषणा पत्र या मतपत्र आवरण संलग्न किये गये हों।

(2) अस्वीकार किये जाने के प्रत्येक मामले में, मतपत्र आवरण और घोषणा–पत्र पर शब्द "अस्वीकृत" पृष्ठांकित किया जायेगा। अस्वीकृत किये जाने के कारण भी संक्षेप में मतपत्र आवरण पर अभिलिखित किये जायेंगें।

(3) अपना समाधान करने के पष्चात् कि निर्वाचकों ने घोषणा–पत्रों पर अपने हस्ताक्षर कर दिये हैं, रिटर्निंग अधिकारी नियम 21 के अधीन निस्तारण होने तक समस्त घोषणा–पत्रों को सुरक्षित अभिरक्षा में रखेगा।

19– मतों की संवीक्षा और गणना–

(1) मतों की गणना के लिए नियत दिनांक को, नियम 18 के अधीन अस्वीकृत किये गये मतपत्र आवरणों से भिन्न मतपत्र आवरणों को खोला जायेगा और मतपत्रों को निकाला जायेगा और उन्हें एक साथ मिला दिया जायेगा।

(2) तत्पष्चात मतपत्रों की संवीक्षा की जायेगी और विधिमान्य मतों की गणना की जायेगी।

(3) गणना की प्रक्रिया का निरीक्षण करने के लिए कोई भी अभ्यर्थी स्वयं उपस्थित हो सकता है या लिखित और सम्यक् रूप से प्राधिकृत किसी प्रतिनिधि को भेज सकता है।

(4) कोई मतपत्र अविधिमान्य होगा, यदिः

(क) उस पर रिटर्निंग अधिकारी का आद्याक्षर या उसके हस्ताक्षर का प्रतिरूप नहीं है, या

(ख) कोई मतदाता मतपत्र पर अपने हस्ताक्षर करता है या उस पर कोई शब्द लिखता है या उस पर कोई ऐसा चिन्ह बना देता है जिससे यह पहचान हो जाय कि वह उसका मतपत्र है,या

(ग) उस पर कोई मत अभिलिखित न किया जाय, या

(घ) वह अभिलिखित मत की अनिष्चितता के कारण शून्य है, या

(ड) उस पर अभिलिखित मतों की संख्या निर्वाचित किये जाने की संख्या से अधिक हो, या

(च) मतों का अभिलेखन इस प्रयोजन के लिए व्यवस्थित स्थान से भिन्न स्थान पर किया गया हो।

(5) रिटर्निंग अधिकारी मतों की संवीक्षा और गणना के समय अनुरोध किये जाने पर मतपत्रों को अभ्यर्थियों या उनके प्राधिकृत प्रतिनिधियों की दिखायेगा।

(6) यदि कोई अभ्यर्थी या उसके प्रतिनिधि मतपत्र को इस आधार पर स्वीकार किये जाने पर आपत्ति करता है कि वह मतपत्र विनिर्दिष्ट अपेक्षाओं का अनुपालन नहीं करता है यहां रिटर्निंग अधिकारी द्वारा तुरन्त विनिष्चय किया जायेगा जिसका उस पर विनिष्चय अन्तिम होगा।

(20) परिणाम की घोषणाः–

(1) जब मतपत्रों की गिनती पूरी हो जाय तब रिटर्निंग अधिकारी प्रत्येक अभ्यर्थी द्वारा प्राप्त उच्चतम् मदों के क्रम में अभ्यर्थियों की एक सूची बनायेगा और उस क्रम में सफल अभ्यर्थियों का परिणाम भरे जाने वाले स्थानों की संख्या के अनुसार घोषित करेगा।

(2) यदि इस प्रकार घोषित किया गया निर्वाचित कोई अभ्यर्थी निर्वाचन स्वीकार करने से इन्कार करता है तो उस अभ्यर्थी के स्थान पर शेष अभ्यर्थियों में से ऐसा अभ्यर्थी जिसने उसके बाद सबसे अधिक मत प्राप्त किये हों, निर्वाचित समझा जायेगा और जब कभी भी इस प्रकार रिक्ति हो जाय इसके लिये भी यही प्रक्रिया अपनाई जायेगी।

(3) जब दो या अधिक अभ्यर्थियों के बीच मतों की संख्या बराबर–बराबर हो, तब यथास्थिति, ऐसे व्यक्ति/व्यक्तियों को जिसें या जिन्हें निर्वाचित समझा जायेगा, उनके निर्वाचन की अवधारणा रिटर्निंग अधिकारी या उसके द्वारा प्राधिकृत किसी अन्य अधिकारी द्वारा पर्ची डालकर ऐसी रीति से किया जायेगा, जैसी वह अवधारित करे।

(4) जैसे ही परिणाम की घोषणा कर दी जाय रिटर्निंग अधिकारी प्रत्येक सफल अभ्यर्थी को राज्य पषुचिकित्सा परिषद् में उसके निर्वाचित हो जाने की सूचना तुरन्त देगा।

21–मतपत्रों का रखा जाना–

(1) मतगणना पूरी होने पर और परिणाम की घोषणा करने के पष्चात् रिटर्निंग अधिकारी मतपत्रों और निर्वाचन से सम्बन्धित समस्त अन्य दस्तावेजों को मुहरबन्द करेगा और उन्हें छः मास की अवधि के लिये रखेगा और उक्त छः मास की अवधि समाप्त हो जाने के बाद भी बिना राज्य सरकार की अनुमति के इन अभिलेखों को नष्ट नहीं करेगा और न नष्ट करायेगा।

22–निर्वाचन के परिणाम की सूचना–

(1) रिटर्निंग अधिकारी अधिनियम की धारा 32 की उपधारा (2) के अधीन राज्य सरकार को निर्वाचित अभ्यर्थियों के नामों की सूचना गजट में प्रकाषन के लिये देगा।

(2) निर्वाचन से सम्बन्धित किसी विवाद की स्थिति में जिसे उस निर्वाचन के परिणाम की घोषणा के 15 दिन के भीतर रिटर्निंग अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया जा सकता है, उसे अधिनियम की धारा 37 के अधीन विनिश्चय के लिये राज्य सरकार को निर्दिष्ट किया जायेगा।

अध्याय–3

राज्य पषुचिकित्सा परिषद् के अध्यक्ष का निर्वाचन

(धारा–36)

23– राज्य पषुचिकित्सा परिषद् के सदस्यों का रजिस्टर–

राज्य पषुचिकित्सा परिषद् का कार्यालय प्रपत्र–सात में एक रजिस्टार रखेगा, जिसमें समय–समय पर निर्वाचित या उसमें नाम निर्देषित सदस्यों के नाम और अन्य ब्योरे दिये जायेंगें।

24– राज्य पषुचिकित्सा परिषद् के अध्यक्ष की निर्वाचन की प्रकिया–

(1)राज्य पषुचिकित्सा परिषद् का अध्यक्ष, परिषद् के सदस्यों द्वारा अपने में से निर्वाचित किया जायेगा। निर्वाचन उक्त परिषद् के यथास्थिति, गठन या पुर्नगठन के पष्चात् उसकी प्रथम बैठक में किया जायेगा।

(2) रजिस्ट्रार उस बैठक में उपस्थित सदस्यों को अध्यक्ष के पद के लिये अपने नाम निर्देषन के लिये आमंत्रित करेगा। प्रत्येक नाम निर्देषन का समर्थन उस बैठक में उपस्थित किसी अन्य सदस्य द्वारा समर्थक के रूप में किया जायेगा–

प्रतिबन्ध यह है कि कोई सदस्य अध्यक्ष की अभ्यर्थिता के लिये एक से अधिक सदस्य को न तो नामनिर्दिष्ट करेगा और न ही उसका समर्थन करेगा।

(3) यदि इस प्रकार केवल एक व्यक्ति नामनिर्दिष्ट हो तो वह राज्य पषुचिकित्सा परिषद् के अध्यक्ष के रूप में सम्यक रूप से निर्वाचित घोषित किया जायेगा।

(4) फिर भी यदि अध्यक्ष को अभ्यर्थिता के लिये सम्यक् रूप से नामनिर्दिष्ट और समर्थित एक से अधिक सदस्य हों तो रजिस्ट्रार निम्नलिखित रीति से मतदान कराने की कार्यवाही करेगा।

(क) प्रत्येक उपस्थित सदस्य को एक पर्ची दी जायेगी जिस पर सदस्य उस प्रतियोगी का नाम लिखेगा जिसके पक्ष में वह मत डालना चाहता है तत्पष्चात् वह पर्ची को मोड़ेगा और उसे रजिस्ट्रार को देगा।

(ख) समस्त पर्चियां प्राप्त हो जाने पर रजिस्ट्रार प्रत्येक प्रतियोगी द्वारा प्राप्त मतों की संख्या को गिनेगा और उस सदस्य को जो सबसे अधिक मत प्राप्त करता हैं राज्य पशुचिकित्सा परिषद् के अध्यक्ष के रूप में सम्यक् रूप से निर्वाचित घोषित किया जायेगा।

(ग) यदि दो या अधिक प्रतियोगी बराबर–बराबर मत प्राप्त करते हैं जिससे कि यह विनिश्चित करना कठिन हो जाता है कि किसने अधिकतम मत प्राप्त किये हैं तो रजिस्ट्रार ऐसे मामले का विनिश्चय ऐसी रीति से, जैसी वह उचित समझें, पर्ची डालकर कर सकता है और इस प्रकार पर्ची द्वारा अभिज्ञात सदस्य को राज्य पषुचिकित्सा परिषद् के अध्यक्ष के रूप में सम्यक् रूप से निर्वाचित घोषित किया जायेगा।

अध्याय–चार

राज्य पषुचिकित्सा परिषद् के कार्य सम्पादन की प्रकिया

धारा–38 (6)

25– कार्य का समय व स्थान–

(1) राज्य पषुचिकित्सा परिषद् की कार्य सम्बन्धी बैठकें साधारणतया प्रत्येक तीन मास में एक बार ऐसे समय और स्थान पर की जायेगी जैसा उसके अध्यक्ष द्वारा विनिष्चय किया जाय। प्रतिबन्ध यह है कि चयनित स्थान उत्तराखण्ड राज्य के भीतर होगा।

(2) राज्य पषुचिकित्सा परिषद् का अध्यक्ष उक्त परिषद् के कार्य सम्बन्धी किसी बैठक के दौरान उसकी अगली बैठक के लिये दिनांक का विनिष्चय कर सकता है।

(3) राज्य पषुचिकित्सा परिषद् की कोई विषेष बैठक यदि आवष्यक समझी जाय अध्यक्ष द्वारा सात दिन की सूचना पर किसी भी समय बुलाई जायेगी।

(4) राज्य पषुचिकित्सा परिषद् की प्रथम बैठक जो किसी वित्तीय वर्ष में हुई हो वह राज्य पषुचिकित्सा परिषद् की उस वर्ष की बार्षिक बैठक समझी जायेगी।

(5) उपनियम (3) के अधीन बुलायी गई किसी विषेष बैठक से भिन्न प्रत्येक बैठक का कार्यवृत्त राज्य पषुचिकित्सा परिषद् के प्रत्येक सदस्य को रजिस्ट्रार द्वारा स्वयं दिया जायेगा या रजिस्टर्ड डाक द्वारा उन्हें उक्त बैठक के पष्चात् कम से कम तीस दिन के अन्दर संप्रेषित किया जायेगा।

(6) राज्य पषुचिकित्सा परिषद् की किसी साधारण त्रैमासिक बैठक की प्रारम्भिक कार्य–सूची पर कार्य के मदों की लिखित सूचना रजिस्ट्रार द्वारा सदस्यों की बैठक के बहुत पूर्व और किसी भी स्थिति में बैठक के लिये निर्धारित दिनांक के कम से कम तीस दिन पूर्व दी जायेगी।

(7) फिर भी, किसी विषेष बैठक की स्थिति में, रजिस्ट्रार उस बैठक के लिये निर्धारित दिनांक के कम से कम सात दिन पूर्व उक्त बैठक के लिये सूचना के साथ–साथ उस बैठक में प्रस्तावित कार्य–सूची पर कार्य की मदें भेजेगा।

(8) ऐसा कोई सदस्य जो किसी साधारण बैठक की कार्य–सूची में सम्मिलित न किये गये किसी प्रस्ताव को रखना चाहता है या इस प्रकार सम्मिलित की गई कार्य–सूची के किसी मद में संषोधन करना चाहता है तो उसकी लिखित सूचना रजिस्ट्रार को बैठक के लिये निर्धारित दिनांक से कम से कम पन्द्रह दिन पूर्व देगा। तत्पष्चात् रजिस्ट्रार राज्य पषुचिकित्सा परिषद् के अध्यक्ष की सहमति से, बैठक के लिये अन्तिम कार्य–सूची में ऐसे किसी अनुरोध को स्थान देगा।

26–कार्य सत्र–

राज्य पषुचिकित्सा परिषद् के प्रत्येक बैठक की अध्यक्षता उसका अध्यक्ष उपस्थित होने पर ब्योरा या अनुपस्थिति की दषा में उस बैठक की अध्यक्षता करने के लिये उपस्थित सदस्यों द्वारा अपने में से चुने गये किसी अन्य सदस्य द्वारा की जायेगी।

27– गणपूर्ति–

(1) राज्य पषुचिकित्सा परिषद् की किसी बैठक में कार्य सम्पादन के लिये आवष्यक गणपूर्ति छः होगी अर्थात् संख्या के एक तिहाई से कम नहीं होगी।

(2) यदि किसी बैठक के लिये नियत समय पर गणपूर्ति पूरी न हो तो बैठक गणपूर्ति के पूरी होने तक प्रारम्भ नहीं होगी और यदि बैठक के नियत समय से एक घंटे की समाप्ति पर भी गणपूर्ति पूरी न हो तो बैठक उसी तिमाही में ऐसे भावी दिनांक और समय के लिये स्थगित कर दी जायेगी जैसा राज्य पषुचिकित्सा परिषद् का अध्यक्ष नियत करे।

28– कार्य कलाप–

(1) ऐसे सभी प्रष्न जो राज्य पषुचिकित्सा परिषद् के किसी बैठक समक्ष आये, उपस्थिति सदस्यों के बहुमत से और मतदान द्वारा विनिष्चित किये जायेंगें।

(2) मतों की बराबरी की स्थिति में, बैठक की अध्यक्षता करने वाले व्यक्ति का निर्णायक मत होगा।

(3) राज्य पषुचिकित्सा परिषद् के प्रत्येक बैठक के चाहे साधारण हो या विषेष कार्यवृत की एक प्रति बैठक के दो दिन के भीतर उसके अध्यक्ष को प्रस्तुत की जायेगी और उसके द्वारा अभिप्रमाणित करने के पष्चात् प्रत्येक सदस्य को भेजी जायेगी जैसा कि नियम–25 के उप नियम (5) के अधीन व्यवस्थित है।

अध्याय–पॉच

कार्यपालिका और अन्य समितियॉ (धारा 40)

29– कार्यपालिका समिति और अन्य समितियॉ –

(1) राज्य पषुचिकित्सा परिषद् अधिनियम की धारा–40 के अधीन अपने सदस्यों में से एक कार्यपालिका समिति और अन्य समितियॉ ऐसे प्रयोजन के लिये, जैसा यह आवष्यक समझे इस निमित्त किसी प्रस्ताव के अंगीकरण पर, गठित कर सकती है और उक्त प्रस्ताव में स्वयं ऐसे प्रत्येक समिति का प्रयोजन और कृत्य परिनिष्चित कर सकती है।

(2) राज्य पषुचिकित्सा परिषद् कार्यपालिका समिति से भिन्न किसी समिति में किसी विषय पर सलाह देने के लिये विषेष रूप से अर्ह किसी व्यक्ति या व्यक्तियों को इस निमित्त किसी प्रस्ताव के अंगीकरण द्वारा सहयोजित भी कर सकती है।

(3) यथास्थिति, कार्यपालिका समिति या किसी अन्य समिति की किसी बैठक के लिये गणपूर्ति उसके गठन के समय विनिर्दिष्ट की जायेगी। गणपूर्ति इस सम्बन्ध में नियत सदस्यों के साधारण बहुमत से कम नहीं होगी।

(4) इस प्रकार गठित कार्यपालिका समिति और अन्य समितियॉ राज्य पषुचिकित्सा परिषद् के रजिस्ट्रार को ऐसे प्रस्ताव में, जिसमें समिति का गठन किया गया है, निर्दिष्ट विषयों पर प्रस्ताव में इस प्रयोजन के लिये विनिर्दिष्ट समय के भीतर रिपोर्ट करेगी।

(5) आपवादिक परिस्थितियों के सिवाय, उपनियम (1) के अधीन राज्य पषुचिकित्सा परिषद् द्वारा गठित किसी समिति के समय को बढ़ाया नहीं जायेगा।

(6) रजिस्ट्रार राज्य पषुचिकित्सा परिषद् की अगली बैठक में उसके समक्ष समिति की उक्त रिपोर्ट रखेगा।

अध्याय–छः

फीस और भत्ते (धारा–41)

30– यात्रा और दैनिक भत्ता–

(1) राज्य पषुचिकित्सा परिषद् के अध्यक्ष और राज्य सरकार के पदाधिकारियों और पदेन सदस्यों से भिन्न अन्य सदस्यों को, यथास्थिति राज्य पषुचिकित्सा परिषद् या समिति की बैठक में उपस्थित होने के लिये राज्य सरकार के प्रथम श्रेणी के अधिकारियों को प्रयोज्य दरों पर यात्रा और दैनिक भत्ते का भुगतान किया जायेगा।

(2) राज्य पषुचिकित्सा परिषद् के सदस्यों से भिन्न समिति के सदस्यों को समिति की बैठकों में उपस्थित होने के लिये ऐसे यात्रा और दैनिक भत्तों का भुगतान किया जायेगा जैसा कि राज्य पषुचिकित्सा परिषद् के सदस्यों को अनुमन्य हो।

31–फीस–

(1) राज्य पषुचिकित्सा परिषद् या कार्यपालक समितियों या अन्य समितियों की बैठकों में उपस्थित होने के लिये राज्य पषुचिकित्सा परिषद् के सदस्य या पदेन सदस्य (अध्यक्ष से भिन्न) को पचास रूपये की फीस का भुगतान किया जायेगा।

(2) राज्य पषुचिकित्सा परिषद् के अध्यक्ष को, यदि वह राज्य सरकार का पदाधिकारी नहीं है, राज्य पषुचिकित्सा परिषद् की प्रत्येक बैठक में उपस्थित होने के लिये एक सौ रूपये की फीस और किसी समिति की बैठकों में उपस्थिति होने के लिये पचास रूपये की फीस का भुगतान किया जायेगा।

(3) जहां राज्य पषुचिकित्सा परिषद् का कोई सदस्य नियम 26 के अधीन उसकी किसी बैठक की अध्यक्षता करता है, वहां उसको एक सौ रूपये की फीस का भुगतान किया जायेगा।

अध्याय–सात

रजिस्ट्रार और अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों की सेवा के निबन्धन और शर्ते

{(धारा–42 (2)}

32–राज्य पषुचिकित्सा परिषद् के रजिस्ट्रार और परिषद् द्वारा नियुक्त अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों की सेवा के निबन्धन और शर्तें इस नियमावली के उपबन्धों के अधीन रहते हुये, वही होंगी जैसा राज्य सरकार की सेवा नियमों के अधीन उसी प्रास्थिति के राज्य सरकार के पदाधिकारियों पर प्रयोज्य हो।

अध्याय–आठ

राज्य पषुचिकित्सा रजिस्ट्रार

33– यथास्थिति, राज्य सरकार या राज्य पषुचिकित्सा परिषद्, जैसा कि अधिनियम की धारा 44 के अधीन उपबन्धित है, उत्तराखण्ड के लिये प्रपत्र आठ में राज्य पषुचिकित्सा का रजिस्टर रखेगी जिसमें ऐसे व्यक्तियों के नाम और अन्य सुसंगत विषिष्टियां होंगी जो मान्यताप्राप्त पषुचिकित्सा अर्हतायें रखते हों और अधिनियम के अधीन राज्य पषुचिकित्सा परिषद् में रजिस्ट्रीकृत हों।

34– प्रथम रजिस्ट्रीकरण के लिये आवेदन पत्र और रजिस्ट्रीकरण फीस (धारा–45)

